प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त का कार्यालय,
आयकर शिखर, ए.सी. गार्डस, हैदराबाद - 500 004
टेलिफेक्स नं. 040-23425467

सत्यमेव जयते

---

फा.सं. 7(1)/प्र.मु.आ.आ/हैद./राभाकास/2019-20 दिनांक 19.10.2020

महोदय/ महोदया,

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद प्रभार की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की तिमाही बैठक दिनांक 29.09.2020 को 03:30 बजे प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद की अध्यक्षता में आयोजित की गई । यह बैठक वेब-एक्स द्वारा संपन्न हुई।

बैठक के कार्यवृत्त की प्रति सूचना एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु निम्नलिखित अधिकारियों को प्रेषित की जाती है :-

1) आयकर अपर महानिदेशक (परीक्षा व राजभाषा), केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर निदेशालय, छठी मंजिल, मयूर भवन, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001.

2) उप निदेशक (राजभाषा), (मुख्या.) (प्रशा.), केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड, आयकर निदेशालय, छठी मंजिल, मयूर भवन, कनाट सर्कस, नई दिल्ली-110001.

3) उप निदेशक (कार्यान्वयन), (दक्षिण), राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, केन्द्रीय सदन, तल 5, 'डी' विंग, कोरमंगला, बैंगलूरू -560 034,

4) सदस्य सचिव, नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, परमाणु खनिज निदेशालय, परमाणु ऊर्जा विभाग, भारत सरकार, ए.एम.डी. कॉम्पलेक्स, गवर्नमेंट गर्ल्स कॉलेज के पास, बेगमपेट, हैदराबाद-500 016 ।

5) आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र के राजभाषा कार्यान्यन समिति के सभी सदस्य ।

**यह कार्यवृत्त प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद के अनुमोदन से जारी किया जाता है।**

भवदीय,

रवि कुमार

(रवि कुमार)

संलग्नक :- यथोपरि ।

उप निदेशक(रा.भा.),
सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति,
हैदराबाद

**प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त कार्यालय, हैदराबाद प्रभार की दिनांक 29.09.2020 को हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त ।**

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद प्रभार की राजभाषा कार्यान्वयन समिति की जुलाई-सितंबर, 2020 की तिमाही बैठक दिनांक 29.09.2020 को दोपहर 03:30 बजे ऑनलाईन पर वेब-एक्स द्वारा श्री जे.बी. महापात्रा, भा.रा.से. प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना, हैदराबाद महोदय की अध्यक्षता में संपन्न हुई ।

02. इस बैठक में निम्नलिखित सदस्य-अधिकारियों ने भाग लिया :-

| क्र.सं. | अधिकारी का नाम | पदनाम | समिति |
|---|---|---|---|
| 1. | श्री जे.बी. महापात्रा | प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त | अध्यक्ष |
| 2. | श्री अतुल प्रणय | मुख्य आयकर आयुक्त , हैदराबाद | सदस्य |
| 3. | श्री आर.के. पालीवाल | आयकर महानिदेशक (अन्वे.), हैदराबाद | सदस्य |
| 4. | श्रीमती निवेदिता बिश्वास | आयकर आयुक्त (आई.टी.ए.टी.)-1(डी.आर.), हैदराबाद | सदस्य |
| 5. | श्री वाई.वी.एस.टी.साई | आयकर आयुक्त (आई.टी.ए.टी.)-2(डी.आर.), हैदराबाद | सदस्य |
| 6. | श्री संजय कुमार वर्मा | प्रधान आयकर आयुक्त-1, हैदराबाद | सदस्य |
| 7. | श्री जय कुमार | प्रधान आयकर आयुक्त-4, हैदराबाद | सदस्य |
| 8. | श्री पीयूष सोनकर | आयकर आयुक्त (मुख्या.)(करदाता सेवाएं), हैद | राजभाषा अधिकारी |
| 9. | डॉ. राजेन्द्र कुमार | आयकर आयुक्त (टीडीएस), हैदराबाद | सदस्य |
| 10 | श्री अशोक करदम | आयकर आयुक्त (ऑडिट), हैदराबाद | सदस्य |
| 11 | श्री डी. श्रीनिवास़ | आयकर आयुक्त (अपील)-1, हैदराबाद | सदस्य |
| 12 | श्री राजीव बेंजवाल | आयकर आयुक्त (अपील) - 4, हैदाराबाद | सदस्य |
| 13 | श्री एम. दया सागर | आयकर आयुक्त (अपील)-8, हैदराबाद | सदस्य |
| 14 | श्री सरीश कुमार | आयकर अपर आयुक्त (मुख्या)(प्रशासन) | सदस्य |
| 15 | श्रीमती नीजू गुप्ता | संयुक्त आयकर आयुक्त (आधारभूत संरचना), हैद | सदस्य |
| 16 | श्रीमती एस. सत्या | आयकर उपायुक्त (मुख्या.)(सतर्कता.) हैदराबाद | सदस्य |
| 17 | श्री बी श्रीनिवास राव | आयकर उपायुक्त (मुख्या.)(प्रशा.), हैदराबाद | सदस्य |
| 18 | श्री रवि कुमार | उप निदेशक (राजभाषा), हैदराबाद | सदस्य-सचिव |
| 19 | श्रीमती ममतारानी साहु | उप निदेशक (राजभाषा), हैदराबाद | सदस्य |
| 20 | श्री सुनील कुमार विभूते | सहायक निदेशक (राजभाषा), हैदराबाद | सदस्य |
| 21 | श्री नीरज कुमार | आयकर अधिकारी (जन संपर्क), हैदराबाद | सदस्य |
| 22 | श्री मानस रंजन बेहेरा | आयकर अधिकारी (मुख्या.)(कल्याण), हैदराबाद | सदस्य |
| 23 | श्रीमती आर सत्य कृष्ण कुमारी | आयकर अधिकारी (वित्त), हैदराबाद | सदस्य |
| 24 | श्री के.एच.कृष्णन | प्रशासनिक अधिकारी (प्रशा.), हैदराबाद | सदस्य |
| 25 | श्री प्रेम कुमार | प्रशासनिक अधिकारी (लेखा.), हैदराबाद | सदस्य |
| 26 | श्रीमती उषा कार्तिकेयन | प्रशासनिक अधिकारी (परीक्षा), हैदराबाद | सदस्य |
| 27 | श्री पी.डी. सुदर्शन | प्रशासनिक अधिकारी (बी.एण्ड एस) | सदस्य |
| 28 | श्रीमती गिरिजा वाणी | वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी | सहयोग हेतु |
| 29 | श्री मो. सुलतान | आशुलिपिक | सहयोग हेतु |
| 30 | श्री अनिल कुमार मीना | आशुलिपिक | सहयोग हेतु |
| 31 | श्रीमती कल्पना | आशुलिपिक | सहयोग हेतु |

03. सर्वप्रथम राजभाषा कार्यान्वयन समिति के अध्यक्ष माननीय श्री जे.बी. महापात्रा, भा.रा.से. प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद ने समिति को सम्बोधित किया और हिंदी पखवाड़े के आयोजन तथा समापन सफलतापूर्वक किये जाने पर सभी को बधाई दी । आगे, उप निदेशक (राजभाषा) एवं सदस्य सचिव श्री रवि कुमार से कार्रवाई आरंभ करने को कहा । इसके बाद अध्यक्ष महोदय की अनुमति से सदस्य सचिव ने सभी सदस्यों का स्वागत किया और बैठक की कार्रवाई कार्यसूची के अनुसार प्रारंभ की।

04. श्री पीयूष सोनकर, आयकर आयुक्त (मुख्या.) व राजभाषा अधिकारी ने राजभाषा अनुभागों से जुड़े सभी अधिकारी/ कर्मचारी को हिंदी प्रतियोगिताएं ऑनलाइन में आयोजित करने के साथ साथ ई-पत्रिका "मलयज" हिंदी दिवस विशेषांक प्रकाशन से जुडे सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को शुभकामनायें दी है ।

05. सदस्य सचिव ने समिति को दि. 20.02.2020 को संपन्न हुई राजभाषा कार्यान्वयन समिति की बैठक का कार्यवृत्त के संबंध में की गई कार्रवाई के बारे में बताया गया । तत्पश्चात, अध्यक्ष महोदय की अनुमति से कार्यवृत अनुमोदन करने का प्रस्ताव रखा जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया ।

06. चर्चा को आगे बढाते हुए श्री आर. के. पालीवाल, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त / आयकर महानिदेशक (अन्वे.)(प्रभारी), हैदराबाद ने समिति को सूचित किया कि प्रभार में सभी अधिकारियों/ कर्मचारियों को राजभाषा से रुचि रखते है । हिंदी दिवस में आयोजित विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजयी प्रतिभागियों को बधाई दी और मलयज ई-पत्रिका के प्रकाशन से जुडे सभी प्राधिकारियों को भी बधाई दी है ।

07. श्री अतुल प्रणय, मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद ने भी इस महमारी के संकट परिस्थितियों में ऑनलाईन में प्रतियोगिताएं आयोजित करना तथा लोगों का बढचढ कर भाग लेने से ही प्रतीत होता है कि आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना क्षेत्र में कार्यरत अधिकारी व कर्मचारी राजभाषा हिंदी में कार्य करने के प्रति निष्ठा रखते है ।

08. बैठक की कार्यवाही को आगे बढ़ाते हुए सदस्य सचिव, श्री रवि कुमार ने समिति को पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों और उन पर की गई अनुवर्ती कार्रवाई की स्थिति से अवगत कराया।

| क्र.सं. | लिए गए निर्णय | अनुपालन की स्थिति |
|---|---|---|
| 1 | विभाग की वेबसाईट द्विभाषी बनाई जाए । | कार्रवाई की जा रही है । |
| 2 | तिमाही रिपोर्ट समय पर भेजना । | कार्रवाई की जा रही है । |
| 3 | अनुवादको के पद आउट सोर्सिंग / कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर भर लिए जाए। | कार्रवाई की जा रही है । |

09. श्री जे.बी. महापात्रा, भा.रा.से., प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद ने बताया है कि लक्ष्य के अनुरूप हिंदी में पत्राचार बढ़ायें ।

10. सदस्य-सचिव श्री रवि कुमार ने समिति को बताया है कि प्रभार के अधिकतम कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन लक्ष्यों के अनुरूप है । सभी कार्यालयों से प्राप्त अप्रैल-जून, 2020 की तिमाही रिपोर्ट की समीक्षा की और सभी कार्यालय प्रमुखों से अनुरोध किया कि वे अपने तिमाही रिपोर्ट समय पर भेजें । पिछली दो तिमाही की रिपोर्टें करोना महमारी के कारण विलंब से प्राप्त हुआ है । जुलाई-सितंबर, 2020 की तिमाही रिपोर्ट समय पर भेजें ताकि बोर्ड को समय पर अग्रेषित किया जा सके । इस पर श्री पीयूष सोनकर, आयकर आयुक्त (मुख्या.) व राजभाषा अधिकारी ने सभी से आग्रह किया कि रिपोर्ट सही आँकड़ों के साथ समय पर भेजें ।

11. श्री रवि कुमार, उप निदेशक (राजभाषा) ने समिति को सूचित किया कि प्रभार में 05 वरिष्ठ/ 05 कनिष्ठ हिंदी अनुवादक के पद रिक्त है । माननीय श्री जे.बी. महापात्रा, भा.रा.से. प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, हैदराबाद ने समिति को बताया गया है कि विभाग में राजभाषा कार्यान्वयन सुचारू रूप से चलाने के लिए रिक्त वरिष्ठ अनुवाद अधिकारी के पद शीघ्र भरने हेतु कार्रवाई की जाए । अध्यक्ष महोदय ने आश्वासन दिया कि प्रशासनिक अनुमोदन से अगली तिमाही बैठक से पहले आउटसोर्सिंग/ कानट्रॉक्ट के आधार पर भरा लिया जाएगा ।

12. इसके पश्चात, अध्यक्ष महोदय द्वारा दिए गए निर्देशों के परिप्रेक्ष्य में समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नलिखित निर्णय लिए गए :-

(1) तिमाही रिपोर्ट समय पर भेजना ।

(कार्रवाई : सभी सदस्य)

(2) अनुवादकों के पद आउट सोर्सिंग /कॉन्ट्रैक्ट के आधार पर भर लिया जाए ।

(कार्रवाई : आयकर अपर आयुक्त (मुख्या. व प्रशा.))

(3) आन्ध्र प्रदेश व तेलंगाना प्रभार के सभी मु.आ.आ./ प्र.आ.आयुक्त/ निदेशक कार्यालयों में नियमित रूप से बैठक आयोजित किया जाए ।

(कार्रवाई : सभी सदस्य)

13. उल्लिखित मदों पर चर्चा के पश्चात्व राजभाषा अधिकारी द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक समाप्ति की घोषणा हुई ।

रवि कुमार

**(रवि कुमार)**
**उप निदेशक (राजभाषा) एवं**
**सदस्य सचिव, राजभाषा कार्यान्वयन समिति**
**हैदराबाद**

जेबिमहापात्र

**(जे.बी. महापात्रा)**
**प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त,**
**एवं अध्यक्ष, राजभाषा कार्यान्वयन समिति,**
**हैदराबाद**

**प्रतिलिपि सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु :**

**1. राजभाषा कार्यान्वयन समिति के सभी सदस्यगण ।**